INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 3rd Lang	Department: Hindi	Date of submission:NA
Worksheet - 3	Topic: Comprehension-Prose	Note: Keep in file

ताजमहल का निर्माण

ताजमहल का निर्माण महान मुगल सम्राट, शाहजहाँ, ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में उसकी मृत्यु के बाद करवाया था। यह माना जाता है कि, वह अपनी पत्नी को बहुत प्यार करता था और उसकी मृत्यु के बाद बहुत दुखी हो गया था। उसने बिना भोजन और पानी के रहना शुरु कर दिया था।उसने अपनी पत्नी की सभी यादों को अपनी नजरों के सामने रखने का निर्णय लिया, तब उसने आगरा के किले के सामने अपने आन्तरिक प्रेम की याद में ताजमहल का निर्माण कराया।

वह आगरा के किले से नियमित रुप से ताजमहल को देखा करता था और अपनी पत्नी को याद करता था। ताजमहल का निर्माण कराने में लगभग 22 वर्षों का समय लगा, और इसे बनाने में लगभग 20,000 कारीगरों ने अपना योगदान दिया था। इसे बनवाने के बाद शाहजहाँ ने सभी कारीगरों के हाथ कटवा दिए थे क्योंकि वह नहीं चाहता था कि ताजमहल की तरह कोई और इमारत बने।

1. ताजमहल का निर्माण किसने करवाया ?

    सम्राट अकबर

    सम्राट शेरशाह

    सम्राट बाबर

    सम्राट शाहजहाँ

2. मुमताज महल कौन थी ?

    शेरशाह की पत्नी

    शाहजहाँ की पत्नी

    अकबर की पत्नी

    बाबर की पत्नी

3. किसने अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद भोजन और पानी छोड़ दिया ?

    बाबर
    अकबर
    औरंगजेब
    शाहजहाँ

4. शाहजहाँ किसको बहुत प्यार करती थी ?

    पत्नी को
    माँ को
    बहन को
    बेटी को

5. ताजमहल कहाँ है ?

- दिल्ली में
- मथुरा में
- आगरा में
- चेन्नई में

6. शाहजहाँ क्या देखा करता था ?

- यमुना को
- ताजमहल को
- कुतुबमीनार को
- चारमीनार को

7. शाहजहाँ के बनने में कितने वर्ष लगे ?

- 20 वर्ष
- 21 वर्ष
- 22 वर्ष
- 23 वर्ष

8. शाहजहाँ के निर्माण में कितने कारीगर लगे ?

- 20,000 कारीगर
- 21,000 कारीगर
- 22,000 कारीगर
- 23,000 कारीगर

9. शाहजहाँ ने किसके हाथ कटवा दिए ?

- मज़दूरों के
- किसानों के
- कारीगरों के
- बुनकरों के

10. शाहजहाँ क्या चाहता था ?

- ताजमहल की तरह कोई और इमारत न बने।
- ताजमहल की तरह कोई और सड़क न बने।
- ताजमहल की तरह कोई और पुल न बने।
- ताजमहल की तरह कोई और मस्जिद न बने।